बैठक | जनेकृविवि में शुष्क क्षेत्र फल अनुसंधान की वार्षिक बैठक शुरू

# शुष्क क्षेत्रों के फलों का संरक्षण-सुपोषण जरूरी : डॉ. मिश्रा



**नवभारत, जबलपुर।** विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके विभिन्न प्रकार के शुष्क क्षेत्रों के फलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सुपोषण करने की महती जरूरत है। यह प्राचीन विधा किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होगी जिससे वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ फलों के उत्पादन से अपनी आय दोगुनी कर बेहतर कृषि प्रबंधन कर सकेंगे। शुष्क क्षेत्रों के फलों के उत्पादन एवं संवर्धन तकनीकों को किसानों तक पहुँचाने के लिए प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता भी बेहद जरूरी हो चुकी है। ये सारी बातें मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहीं ।

मौका था जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) जबलपुर के कृषि महाविद्यालय में स्थित विवेकानन्द सभागार में उद्यानिकी विभाग द्वारा भाकृअनुप-अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्र फल अनुसंधान परियोजना की 30वीं अनुसंधान वैज्ञानिक समूह की वार्षिक बैठक के शुभारंभ का। ये बैठक 3 दिनों तक चलेगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि आईसीएआर नई दिल्ली के एडीजी उद्यानिकी डॉ. वी.बी. पटेल ने कहा कि शुष्क क्षेत्रों के फल पौष्टिक और औषधीय गुणों से युक्त होते हैं, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए एक बेहतरीन विकल्प हैं।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक के शुभारंभ के दौरान सीआईएएच बीकानेर के निदेशक डॉ. जगदीश राने, डीडब्ल्यूआर जबलपुर के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्रा, आईआईएचआर बैंगलोर के फल परियोजना समन्वयक डॉ. प्रकाश पटेल, जनेकृविवि के अनुसंधान सेवाएं संचालक डॉ. ए.के. जैन, सीआईएएच बीकानेर के पूर्व निदेशक डॉ. एस.के. शर्मा, जनेकृविवि के विस्तार सेवाएं संचालक डॉ. टी.आर. शर्मा, जनेकृविवि उद्यानिकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वाती बारचे और नई दिल्ली के बाकुअनप उद्यान प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पी.सी. त्रिपाठी उपस्थित रहे। साथ ही सचिव डॉ. यू.के. चन्देलिया एवं आयोजन सह-सचिव डॉ. भारती चौधरी, डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विजय यादव, डॉ. अजय खरे, डॉ. दीपक राठी, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. बी.पी. बिसेन, डॉ. सी.एस. पाण्डे, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. राहुल डोंगरे, डॉ. मीनाक्षी रामगिरी और डॉ. आर.पी. जयसवाल सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 10 तकनीकी साहित्यों का विमोचन

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों द्वारा लगभग 10 तकनीकी साहित्यों का विमोचन किया गया और विशेष अनुसंधान कार्यों के लिए डॉ. जगदीश राने को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाराष्ट्र के श्याम गटानी, डॉ. जुगल किशोर भूतड़ा एवं डॉ. विजय निमजे को भी मंच पर सम्मानित कर अनुसंधान कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया गया।



# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैंकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**शैल्बी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल और बजाज कैपिटल का आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** शैल्बी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल और बजाज कैपिटल के संयुक्त तत्वावधान में तिलहरी स्थित दत्त टाउनशिप में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित अतिथि चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रिंकू विज का विशेष सम्मान किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह, डॉ. कुशल सुराना, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा असाटी, जनरल सर्जन डॉ. दीपांशु साहू, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित पनाकिया एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारू पाठक ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।

### नि :शुल्क जांच की गई

इस शिविर में बीएमडी, यूरिक एसिड, ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन जैसी विभिन्न नि:शुल्क जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। शैल्बी हॉस्पिटल के डिप्टी सीएओ डॉ. अंकित जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अस्पताल प्रबंधन सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में शैल्बी हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा बजाज कैपिटल की टीम और टाउनशिप समिति सहित उपस्थित सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस सफल आयोजन में दत्त टाउनशिप के प्रेसिडेंट एम.के. सिंह, डॉ. राजेश तिवारी, प्रीति ठाकुर, संजय भाटिया, डॉ. संजय जैन, जय उज्जायने, डॉ. सौरभ, आदित्य, सोनू, विनय तथा नर्सिंग टीम से राजेश्वरी, रजनी, खुशबू एवं साक्षी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में



### पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** काका के नेतृत्व में लगभग 20 पौधे लगाए गए और दो सौ से अधिक आम जामुन बेल और विभिन्न बीजों का रोपण कर्नल एस के दुबे, उप पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत्त राजेश मालवीय, अशोक तिवारी,राजेन्द्र सोनी , आज़ाद जैन द्वारा किया गया। इस दौरान शहरवासियों से अपील की गई कि वे भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाकर अधिक से अधिक पौधे रोपित करें और उनकी देखभाल करें। इस मौके पर पवन तिवारी , कौरव, गोविंद सुरैया सहित अन्य मौजूद रहे।



### यूनानी कॉलेज खोलने के लिए उठी आवाज

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश में यूनानी चिकित्सा शिक्षा के सीमित विकल्पों को देखते हुए अंजुमन इस्लामिया वक़्फ़ कमेटी से यूनानी कॉलेज खोलने के लिए खाली जगह देने की मांग की गई है। नीट परीक्षा के माध्यम से होने वाला यह साढ़े पांच वर्षीय ग्रेजुएट डिग्री कोर्स प्राचीन और प्रभावी चिकित्सा पद्धति पर आधारित है, जिसमें उर्दू भाषा का विशेष महत्व है। वर्तमान में पूरे राज्य में इसके केवल दो कॉलेज हैं और जबलपुर में मात्र एक सरकारी यूनानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इस स्थिति को देखते हुए कमेटी से मांग की गई है कि वह अपनी खाली जमीन इस संस्थान के लिए आवंटित करे और सरकार से इस बीम्स कॉलेज को कमेटी के प्रबंधन के अंतर्गत संचालित करने के विषय में बातचीत आगे बढ़ाए ताकि उर्दू पढ़ने वाले युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सके।

# पौधे रोपित कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**नवभारत,जबलपुर।** रविवार को जबलपुर हैल्पिंग एसोसिएशन द्वारा हाथीताल गार्डन में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में वक्ताओं ने कहा कि पौधे केवल वृक्ष नहीं होते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, हरियाली और स्वस्थ जीवन का आधार होते हैं, ग्रुप द्वारा 'एक पेड़ - एक जीवन' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाये जाने का संकल्प जाना चाहिए। आयोजन में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

इस मौके पर जबलपुर हैल्पिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चरन जीत सिंह अरोरा ने अपने उदबोधन में कहा कि ग्रुप सदैव सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है,साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित साथियों से आग्रह किया कि पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लें। इस सफल आयोजन में निशा संजय राठौर, अजीत श्रीवास्तव,मुकेश चौरसिया, चरन जीत सिंह अरोरा अध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा सचिव,पूजा कोष्ठा,रवि अरोरा,गरिमा विश्वकर्मा, सरोज दुआ, अरविंद पटेल, संदीप गौर,किशोर दुआ,चंद्र किशोर मोदी, संजय राठौर सहित बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश हाउसिंग कॉलोनी हाथी ताल के सदस्य उपस्थित रहे।

# सशक्त हस्ताक्षर की 50वीं गोष्ठी में कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं



**नवभारत, जबलपुर।** चंचलबाई महाविद्यालय में साहित्यिक संस्था 'सशक्त हस्ताक्षर' की स्वर्णिम 50वीं काव्य गोष्ठी का गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजन हुआ। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अलकेश चतुर्वेदी रहे, जबकि अध्यक्षता आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे द्वारा की गई। इस दौरान संस्था के संस्थापक गणेश श्रीवास्तव 'प्यासा' ने अपने संबोधन में कहा कि सशक्त और रचनात्मक लेखन सदैव समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू निर्विकार, डॉ. अरुणा पाण्डे, मंगल भाव और संगम त्रिपाठी उपस्थित रहे। सभी आमंत्रित वक्ताओं ने साहित्य की निरंतर साधना, भाषा की समृद्धि तथा रचनात्मक काव्य गोष्ठियों की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए संस्था के इस अनूठे प्रयास की सराहना की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अनुराधा गर्ग 'दीप्ति' की सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अरुण शुक्ल, अमरनाथ सोनी, महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा एवं प्रीति शुक्ला ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

**रचनाकारों की कविताओं ने श्रोताओं को किया प्रभावित**-इस गरिमामयी साहित्यिक गोष्ठी में कालिदास ताम्रकार 'काली', सुवीर श्रीवास्तव 'वीर', शिवानी भगत, प्रकाश सिंह ठाकुर, कुंजीलाल चक्रवर्ती 'निर्झर', उर्मिला श्रीवास्तव, विवेक कुमार गुप्ता 'सहर', आशा मालवीय, अखिलेश खरे 'अखिल', प्रेम पालीवाल, दीनदयाल तिवारी 'बेताल', जयप्रकाश श्रीवास्तव, कौशिक सेनगुप्ता, प्रभा विश्वकर्मा 'शील', लखन रजक, कमर इलाहाबादी, सुशील श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव, ज्योति मिश्रा, प्रीति नामदेव 'भूमिजा', विजय विश्वकर्मा, पं. निरंजन द्विवेदी 'वत्स', डॉ. मुकुल तिवारी, अमर सिंह वर्मा, वंदना सोनी 'विनम्र', संध्या द्विवेदी और एम.एल. शर्मा 'नयन' ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं की भरपूर सराहना अर्जित की। मंच पर उपस्थित रचनाकारों की विविध साहित्यिक विधाओं और कविताओं की स्वरधारा ने वहाँ मौजूद सभी श्रोताओं को पूरी तरह प्रभावित किया। इस भव्य कार्यक्रम का प्रभावी संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा द्वारा किया गया, जबकि अंत में तरुणा खरे तनु ने उपस्थित अतिथियों व रचनाकारों के प्रति आभार प्रदर्शन कर गोष्ठी का विधिवत समापन किया।

# राष्ट्रीय इंटक कार्यालय में मध्य प्रदेश इंटक ने की संगठनात्मक चर्चा



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नाती के नेतृत्व में राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी से संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

यह मुलाकात राष्ट्रीय इंटक के कार्यालय, नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस दौरान मध्य प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत करने, श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी ने मध्य प्रदेश इंटक द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों की सराहना की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में मध्य प्रदेश के श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# ऑल इंडिया समता सैनिक दल आज करेगा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा**



**नवभारत, जबलपुर।** ऑल इंडिया समता सैनिक दल, जबलपुर के तत्वाधान में 20 जुलाई को शाम 6 बजे कलावीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय भंवरताल में मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक सम्मान और मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम मुख्य मार्गदर्शक दिवंगत एल.आर.बाली के जन्मदिवस के अवसर पर हो रहा है। इसमें वर्ष 2026 की 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 60 से 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया यूथ बैंक के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद डोंगरे और प्रमुख अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक आर.डी.जर्हा उपस्थित रहेंगे। इनके साथ ही संस्था के जनरल सेक्रेटरी अशोक शेण्डे, प्रदेश अध्यक्ष अशोक रामटेके और जिला अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे भी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। दल के प्रबंधन ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को निर्धारित गणवेश में समय से पूर्व पहुंचने का आग्रह किया है।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू,500 से अधिक कैडेटों ने की भागीदारी



**नवभारत,जबलपुर।** एमपी सिग्नल कंपनी एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी)-99 रविवार को एक्सआईडीएएस कॉलेज में 500 से अधिक कैडेटों की भागीदारी के साथ शुरू हुआ। यह ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बेहल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है और लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज गिरी के नेतृत्व में संचालित हो रहा है, जबकि नायब सूबेदार एस. देवेन्द्रन तथा पीआई और सिविलियन स्टाफ व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे हैं। पहले दिन कैडेटों ने पंजीकरण, आवास, दस्तावेज़ीकरण और अभिमुखीकरण सत्र पूरे किए।

### शिविर में कुछ इस तरह होंगे सत्र

शिविर में ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, नक्शा पठन, फील्ड क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, ड्रोन प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, दंत परीक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, खेलकूद और व्यक्तित्व विकास सत्र शामिल होंगे। इसके साथ ही कैडेटों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाला विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें ग्रेनेडियर म्यूजियम का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके ज्ञान, अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क और देशभक्ति को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

# समाज की मंगल भावना ही असली विकास : मुनि निष्कंप सागर



**नवभारत, जबलपुर।** गोकलपुर में मुनि संघ के आगमन पर समाज द्वारा मुनि निष्कंप सागर और मुनि निष्काम सागर का पाद प्रक्षालन किया गया। दिव्य देशना के आग्रह पर समाज को संबोधित करते हुए मुनि निष्कंप सागर ने कहा कि मुनि की आहार-विहार चर्या में समाज की उत्साहपूर्ण सहभागिता ही उसके विकास और उत्थान का परिचायक है, जो गोकलपुर के छोटे से जैन समाज ने कर दिखाया है। इसके बाद रांझी जैन समाज के जय-जय गुरुदेव के नारों, ऊँट द्वारा अगवानी, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच जन्मभूमि में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। यह यात्रा गोकलपुर, इंजीनियरिंग कॉलेज, व्हीकल मोड़ और रांझी बाज़ार जैन मंदिर होते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बस्ती में संपन्न हुई। इस भव्य प्रवेश यात्रा के दौरान सकल गोकलपुर-रांझी जैन समाज के प्रत्येक परिवार ने जगह-जगह मुनि द्वय का पाद प्रक्षालन किया। मुनि निष्काम सागर के जन्मस्थली रांझी आगमन पर स्वागत द्वार सजाए गए और पूरा विहार मार्ग केसरिया ध्वज व आचार्य के जयघोष नारों से गुंजायमान रहा। अगवानी में रांझी महिला समिति, बालिका मंडल, जैन वैशाली संस्था और पंचायत सभा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आज 20 जुलाई को दिगंबर पार्श्वनाथ जैन मंदिर रांझी बस्ती धर्मशाला में पंचायत सभा के निर्देशन में आहारचर्या, प्रवचन और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सम्मान | यादव महासभा ने मेधावी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का किया सम्मान

# शिक्षित और संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण की असली ताकत : राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने कहा की जिस समाज की नई पीढ़ी शिक्षित और संस्कारित होती है, वही समाज देश के विकास में नेतृत्वकारी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा की प्रतिभाओं का सम्मान केवल उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करने का सशक्त अभियान है।यह बात उन्होंने यादव महा सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

अमखेरा स्थित गार्डन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मंडलोई, प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष आर.एन. यादव, प्रधान महासचिव कल्याण सिंह 'बंटी', सागर मंडल अध्यक्ष सुधीर यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष विनीत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव सहित तृप्ति यादव, शशांक यादव, शिव यादव, रामरतन यादव, घनश्याम यादव, प्रदीप यादव, अशोक यादव, विजय यादव, सुनील यादव, पवन यादव, राजेंद्र यादव, शिवम यादव, संदीप यादव, नरेंद्र यादव, पुष्पेंद्र यादव, भानु यादव एवं पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने कहा कि यादव महासभा शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए देशभर में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इससे पूर्व सुहागी में अखिल भारतीय यादव महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने संगठन विस्तार, सामाजिक एकजुटता, युवा सहभागिता और शिक्षा के प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।




# मादक पदार्थों और तंबाकू उत्पादों का सेवन हानिकारक : सोलंकी

**नवभारत, जबलपुर।** थाना गोरखपुर और नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र, अवधपुरी के संयुक्त तत्वाधान में मांडवा बस्ती, रामपुर में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था प्रभारी हेमंत सोलंकी ने उपस्थित नागरिकों को मादक पदार्थों और तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर शारीरिक व मानसिक दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया।

वहीं काउंसलर श्वेता मिश्रा ने सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशे की लत के कारण घरेलू हिंसा में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे विशेषकर महिलाएं सर्वाधिक प्रभावित होती हैं, इसलिए समाज को इस अभिशाप से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रामपुर चौकी प्रभारी महेंद्र जाटव ने सभी उपस्थित जनसमूह को जीवनभर नशा मुक्ति का पालन करने का संकल्प दिलाया, जिसमें स्थानीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर एसआई कन्हेंया चतुर्वेदी, आरक्षक आशीष, अभी दीप, आरक्षक रितेश नेमा सहित संस्था से लखन अहिरवार, सानिया प्रजापति, रश्मि अहिरवार और उत्तम रैकवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।